तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 6 अप्रैल 2024


9 केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने 10 वर्षों तक जमकर...



10 वोटर्स को जागरूक करने एसडीएम व एसडीओपी ...






क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन

सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ

डायलिसिस सेंटर

हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन,
फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी

डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी



Sanjeevani
Multispeciality Hospital

अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)

सदैव आपके लिए, आपके साथ



# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**

भिलाई। ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उसके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैक्ल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़





में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। वैसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलिट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन क्लासेस भी होता है। प्राइम कैरियर इस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइप कैरियर इस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71812 व 7880168887

Advt.


## खबर संक्षेप

### एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे रुपसिंग

**छुरा।** सामाजिक कार्यकर्ता रुपसिंग साहू सुबह 11 बजे ग्राम देवगांव (बेलर) से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे ग्राम खड़मा(रानीपर्तेवा) में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भगवत कथा के समापन अवसर में गीतापाठ एवं पूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल होंगे। तथा प्रवचनकर्ता बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी महाराज एवं परमानंद महाराज से आशीर्वाद लेंगे। ततपश्चात ग्राम खड़मा से प्रस्थान कर दोपहर में 2 बजे को वार्ड क्रमांक 13 आमापारा नगर पंचायत छुरा में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भगवत महापुराण ज्ञानगंगा उत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर प्रवचनकर्ता पंडित रत्नेश राममिलन पांडेय महाराज से आशीर्वाद लेंगे।



### कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज का जनसंपर्क आज

**छुरा।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू एवं जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू का एक दिवसीय जनसंपर्क 6 अप्रैल को रखा गया है। जिसमें सुबह 11:00 बजे सोरीद, 12 बजे मुड़ागांव ,12:30 बजे रानी परतेवा,1 बजे खड़मा, 2:00 बजे मडेली, 3 बजे लोहझर, 3:30 हरदी एवं 4:00 बजे साप्ताहिक बाजार छुरा में जनसंपर्क किया जाएगा। बालमुकुन्द मिश्रा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

### मारपीट के मामले में 5 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नयापारा के मुक्तिधाम दलदली रोड के पास मारपीट के मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी हरेंद्रलाल मिरी पिता भारत लाल मिरी ने पुलिस को बताया कि 4 अप्रैल को रात्रि लगभग 08.30 बजे मेरे घर एक महिला प्रेम संबंध होने के चलते मिलने आई थी। जिसे देख मोहल्ले के बोंदो मिरी पिता सुकालू मिरी, सुकालू मिरी पिता बाला राम मिरी, हरि मिरी पिता अशोक मिरी एवं नवीन पिता रामकृष्ण मिरी ने तुम मोहल्ले को बदनाम कर रहे हो कहते हुए गाली-गलौज करते हुए हाथमुक्का, डंडे से मारपीट किए। मारपीट की वजह से मेरे सिर पर चोट लगी है। पुलिस ने मामले में उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम पड़कीपाली भालुचुवां से आरोपी बंशीलाल महिलांगे पिता कुशवा राम महिलांगे ( 40) मनबाय थाना के कब्जे से 28 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5600 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**कार्रवाई : बस स्टैंड में पुलिस ने सूटकेस की जांच की तो खुला मामला**

# साड़ियों के बीच गांजा छिपाकर ले जा रहीं 3 महिलाएं हुईं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर पुलिस द्वारा हर संदिग्धों पर रखी जा रही नजर

एमपी, राजस्थान और ओडिशा के बाद अब यूपी की महिलाएं गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ी गई हैं। महिलाओं ने 3 लाख रुपए कीमत का गांजा ट्रॉलियों के अंदर नई साड़ियों के बीच में लपेटकर रखा था। मैनपुर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिलाओं को यात्री बस से उतार कर कार्यवाही को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार यूपी के बलिया जिले की रहने वाली तीन महिलाएं देवभोग से रायपुर जाने वाली यात्री बस में सवार होते ही शक के दायरे में आ गई। मुखबिर से मिली सूचना पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने बोईरगांव के पास बस को रोककर महिलाओं से पूछताछ करने के साथ इनके पास रखी ट्रालियों की गवाहों के समक्ष जांच ▶▶|शेष पेज 9 पर





### चार दिन के भीतर तीसरी कार्रवाई

मैनपुर पुलिस लगातार नशे के कारोबार पर लगाम कसने की कवायद में जुड़ी हुई है। सबसे पहले 2 अप्रैल को कोतवाली पुलिस ने बस से 26 किलो गांजा ले जाते एमपी और राजस्थान के दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 3 अप्रैल को देवभोग पुलिस ने ओडिसा के दो सप्लायर को 28 किलो गांजा के साथ दबोचा था। इसके बाद आज मैनपुर पुलिस ने यूपी के 3 महिला तस्करों को 30 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों कालाहांडी जिले से गांजा ले कर आ रही थीं। कालाहांडी के पहाड़ी इलाके के अलावा कोरापुट के पहाड़ों में गांजा की बड़ी मात्र में खेती होती है।



# रसेला-छुरा मार्ग पर बने दर्जनों पुल-पुलिया जर्जर

**नवनिर्माण की मांग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कई दशकों से रसेला से छुरा मार्ग में बने पुल पुलिया जर्जर स्थिति में आवागमन का काम चल रहा है। साथ ही साथ सड़क अत्यधिक संकरा है। उक्त मार्ग पर चौबीसों घंटे भारी वाहनों का आवागमन होता है, सड़क कम चौड़ा होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन के दौरान दुपहिया चालकों के लिए साइड देने स्थान ही नहीं रहता है। यदि दोनों ओर से भारी वाहन आ जाता है तो बड़ी मुश्किल से एक दूसरे को पार करते हैं, जिससे खतरा बना रहता है। कई बार साईट देने के चक्कर में लोग गिर कर घायल हो गए हैं। एकल रास्ता होने के कारण प्रतिदिन कहीं न कहीं दुर्घटना होते देखा जा सकता है। तीन माह पहले गड्डे में डामरीकरण किया गया था। मगर वो भी अब जगह- जगह धंसकर गड्डे में तब्दील हो रहें हैं। इस मार्ग के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुल पुलिया एवं नवनिर्माण सड़क के लिए कई बार मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, जिला प्रभारी मंत्री से उक्त मार्ग के लिए नवनिर्माण सहित चौड़ीकरण करने संबंधी आवेदन दिया गया है, किन्तु आज भाजपा सरकार से लेकर कांग्रेस सरकार तक मात्र आश्वासन ही दिया जा रहा है। मगर किसी ने इस क्षेत्रवासियों के आवागमन तथा उनके विकास के बारे में नहीं सोचे। खाने पूर्ति के लिए सिर्फ बीच- बीच में मरम्मत करा कर छोड़ दिया जाता है। भारी बारिश होने पर इस क्षेत्र के 32 गांव के लोगों से संपर्क टूट जाता है। इस क्षेत्र के ग्रामीण कांग्रेस और भाजपा सरकार से आस लगायें बैठे थे कि इस वर्ष इस मार्ग का उद्धार हो जायेगा मगर ▶▶|शेष पेज 9 पर

# फसलों को तना छेदक से हुए नुकसान के बाद बढ़ने लगा झुलसा का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्रीष्मकालीन धान की फसलों पर बीमारी ने कहर बरपा दिया है। शुरुआत में ही तना छेदक कीट से फसलों को नुकसान हुआ, तो अब झुलसा का प्रकोप बढ़ने लगा है। खास बात यह है कि जिम्मेदार कृषि विभाग इसको लेकर किसी प्रकार गंभीर नहीं है और किसान कीटनाशक बेचने वाले विक्रेताओं की सलाह पर दवा छिड़काव कर रहे हैं।



ग्रीष्मकालीन धान की फसलों पर बीमारी ने कहर बरपा दिया है। शुरुआत में ही तना छेदक कीट से फसलों को नुकसान हुआ, तो अब झुलसा का प्रकोप बढ़ने लगा है। खास बात यह है कि जिम्मेदार कृषि विभाग इसको लेकर किसी प्रकार गंभीर नहीं है और किसान कीटनाशक बेचने वाले विक्रेताओं की सलाह पर दवा छिड़काव कर रहे हैं। तकरीबन महीने डेढ़ महीने की मेहनत के बाद किसानों की फसलों ने गर्मी में भी धरती को हरियाली की चादर से ढक लिया है। नहर की धार से पानी की कोई कमी नहीं है, लेकिन बीमारी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। शुरुआत में ही फसलों पर ▶▶|शेष पेज 9 पर

# दौरे पर निकले विधायक, महिलाओं ने बताई समस्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- तत्काल समस्या का निदान करने संबंधित अफसरों को निर्देशित किया

शुक्रवार को दोपहर में राजिम विधायक रोहित साहू जनसंपर्क दौरे के लिए निकल पड़े। इस दौरान जहां भी लोगों की भीड़ देखते पास जाकर समस्या के बारे में पूछने लगते। शहर के वार्ड क्रमांक 14 पथर्रा और 15 नवाडीही में 2 घंटे रहे। इस दौरान पथर्रा के सार्वजनिक नल के पास पानी भर रही धनेश्वरी वर्मा ने नल की टाइमिंग कम होने की जानकारी दी। विधायक साहू ने तत्काल नल से पानी आने का समय बढ़ाने के लिए संबंधित अफसरो को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय विधायक होने के कारण वे जब चाहे तब शहर और गांव किसी भी क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए निकल पड़ते हैं। उन्हें देखकर लोग बिना झिझक अपने गांव गली या वार्डों के समस्याओं को अवगत कराते हैं। ऐसा नहीं ▶▶|शेष पेज 9 पर

**नगर के समता क्लब में श्रीमद्भागवत कथा जारी**

# प्रेम का प्रतीक है श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती : पं. त्रिभुवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर के समता क्लब में मोनिका सिन्हा की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 29 मार्च से 6 अप्रैल तक किया गया है। व्यास पीठ पर भागवताचार्य पंडित त्रिभुवन मिश्रा श्री सिद्धिविनायक मंदिर हैं, कथा में परायण पूजा सुबह 6:00 बजे से 9:00 बजे एवं कथा का समय दोपहर 1:00 बजे से 6:00 बजे हैं। ब्यास पीठ पर विराजित पंडितत्रिभुवन महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा तीन तापो को हरने वाली हैं, प्रत्येक के जीवन में दैहिक, दैविक और भौतिक तीन प्रकार के ताप है ,श्रीमद् भागवत कथा इन तीनों तापो को हरती है और मनुष्य को उसके कर्म और भाग्य के अनुसार फल देता है, कई बार जरूर लगता है कि अपनी इच्छा के अनुसार फल नहीं मिला, किंतु ईश्वर से बेहतर कौन जानता है कि हमारे लिए क्या अच्छा है ? उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का संकल्प ,सुनना दोनों ही काफी सुखदायक और लाभदायक है, हम सब किसी न किसी माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा से जुड़े और अपने जीवन में परिवर्तन और बदलाव लाएं, यह सिर्फ 7 दिन की कथा नहीं है। इसके माध्यम से जीवन में बदलाव आवश्यक है एवं अपने जीवन में किसी भी जीवन आदर्श चुने और जीवन में अपना आकर जीवन को सार्थक करें। उन्होंने भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की प्रसंग पर कहां की यह निश्छल प्रेम का प्रतीक है अब तक के ऐसा दोस्त है और ऐसी दोस्ती कहीं भी देखने, सुनने को नहीं मिलता है। जो कृष्ण सुदामा के प्रसंग में देखने को मिलता है, चाहे उनके पढ़ाई जीवन पर नजर, उनके गृहस्थ जीवन पर और चाहे उनके मिलने के प्रसंग पर यह अपने आप में एक अनूठा प्रसंग है ▶▶|शेष पेज 9 पर



### भागवत कथा में कवि सम्मेलन

भागवत कथा में सिन्हा परिवार के द्वारा कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन जिसमे पं त्रिभुवन महाराज जी ने अपने पुज्य गुरुदेव ब्रम्हलीन संत कवि पवन दीवान जी को स्मरण करते हुए कार्यक्रम का सम्बोधन किया जिसमें कवि सुरेन्द्र अग्निहोत्री (आगी) महासमुंद, गजपति साहू कोडेवा बालोद, विरू तिवारी डोगरगांव, हब्बीब समर बागबाहरा, डिगेन्द्र साहु अलकरहा पिथौरा, गीतांजली सिन्हा फिंगेश्वर। जिन्होंने सब को हसाया गुदगुदाया और कविता गजल हास्य व्यंग करके कविता पाठ किए सिन्हा परिवार के द्वारा सब को सम्मान प्राप्त हुआ कार्यक्रम में फिंगेश्वर के जनमान्यगण सामिल रहे।

### गुफा में विराजमान हैं खोपलीपाट देवी

**मुड़ागांव(कोरासी)।** खोपलीपाट पावन धाम 16 गांव समिति अमलोर (छुरा) में चैत्र नवरात्रि पर्व के 17 वां वर्ष में खोपलीपाट देवी बीहड़ जंगल अनेक प्राकृतिक कंदराओं के बीच आकर्षक सुरम्य गुफा पर विराजमान है। यहां विश्व विख्यात विशालकाय पत्थर की घंटी आकर्षक की केंद्र है। इसकी आवाज दो किलोमीटर तक सुनाई देती है। जहां भक्त जनों की मनोकामना पूरी होती है। जहां मनोकामना ज्योति जलाया जाता है। जिसमें राशि समिति द्वारा निर्धारित किया गया है।


**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार नहीं मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शहर में 5 स्थानों पर शीतल जलसेवा केंद्र शुरू

**रायपुर।** साधक परिवार रायपुर द्वारा राजधानी में 5 अलग-अलग स्थानों पर गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने शीतल जलसेवा केंद्र शुरू किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल परिसर, अम्लेश्वर थाने के सामने और विधानसभा ओवरब्रिज के पास आम जनता को निशुल्क ठंडे पानी का वितरण किया जा रहा है। शीतल जलसेवा केंद्र के संबंध में शोभाराज मल ने बताया, गर्मी में लोगों को शीतल पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। इसी भावना से साधक परिवार ने गर्मी की शुरुआत में ही रेलवे स्टेशन में अस्थाई जलसेवा केंद्र शुरू कर दिया। इसी तरह शहर के अन्य स्थानों पर जनसामान्य की सुविधा को ध्यान में रखकर 5 स्थानों पर शीतल जल केंद्र प्रारंभ किए हैं। साधक परिवार की ओर हनुमान मंदिर पंडरी में गुरु प्रसाद सेवा रथ में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसका लाभ आम जनता के साथ साथ गणमान्य नागरिक व पंडरी बाजार के व्यापारियों ने उठाया।

### रोजा-इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी



**रायपुर।** राजधानी के गॉस मेमोरियल ग्राउंड पर गुरुवार को बैजनाथपारा, छोटापारा व मुस्लिम समाज रायपुर की ओर से दावते रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के नामचीन लोगों के साथ राज्यसभा सांसद और मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी भी पहुंचे। उनके आगमन पर महापौर एजाज ढेबर ने कार्यकर्ताओं के साथ माना विमानतल पर जोर-शोर से स्वागत किया। विदित हो, गुरुवार को शाम 6 बजे गॉस मेमोरियल ग्राउंड पर आयोजित रोज़ा इफ्तार की दावत में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे।

### इस्लामी तालीमत से अनजान, समाज में अशांति फैलाना उनका मकसद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कल हुई घटना की मुस्लिम समाज भर्त्सना करता है। सेवानिवृत्त उपपुलिस अधीक्षक शोएब अहमद खान ने कहा कि कोई भी मुस्लिम गैर मुस्लिम लड़कियों को भगाने, शादी करने जैसा काम न करे। उनके इस कृत्य से पूरे समाज की बदनामी होती है। उन्होंने आगे कहा कि हम इसके जिम्मेदार हैं, जो पैदाइशी ईमान वाली मुस्लिम लड़की की जगह गैर मुस्लिम लड़कियों से शादी करना पसंद करते हैं, ऐसी शादी या भगा ले जाने की वजह से समाज में तनाव और नफरत फैलती है। कोई हिंदू लड़की आपके इस्लाम की तबलीग और इस्लाम से मुहब्बत की वजह से नहीं आती, बल्कि दोनों अपनी नफ्सानी ख्वाहिशात के लिए ऐसा करते हैं। थोड़े दिन में फिर ये भ्रम टूटता है तो फिर तरह-तरह के आरोप लगाकर तमाशा खड़ा करते हैं।

### गृहमंत्री शर्मा की कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की। आदर्श आचार संहिता में गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास स्थान में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ बंगले के दरवाजा को तोड़कर घुसने का प्रयास किया गया, वह अत्यंत ही निन्दनीय है। ज्ञापन में कहा गया कि छत्तीसगढ़ की पुलिस प्रदर्शन के दौरान मूकदर्शक खड़ी थी।

# हिट एंड रन मामले में घायलों को अब 50 हजार, मौत पर दो लाख

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

हिट एंड रन मामले में गंभीर रूप से घायलों के साथ मृतकों के परिजन को मिलने वाली मुआवाजा राशि में केंद्र सरकार ने बदलाव करते हुए राशि बढ़ा दी है। हिट एंड रन में गंभीर रूप से घायलों को पूर्व में 10 हजार रुपए मिलते थे, जिसे बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया गया है। इसी तरह से मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की जगह दो लाख रुपए मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही मुआवजा राशि देने के नियमों में बदलाव किया गया है। प्रभावित के अकाउंट में दो माह के भीतर मुआवजा राशि ट्रांसफर की जाएगी। गौरतलब है देश में हर वर्ष 60 हजार के करीब तथा राज्य में अप्रैल 2022 से 15 मार्च 2023 की स्थिति में दो हजार के करीब हिट एंड रन के मामले सामने आए थे। देश तथा राज्य में जितने हिट एंड रन के मामले सामने आते हैं, उनमें से महज पांच प्रतिशत लोग ही मुआवजा के लिए क्लेम करते हैं। इसकी वजह क्लेम हासिल करने लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही क्लेम की राशि पाने सालों लग जाते हैं। इस वजह से प्रभावित मुआवजा राशि क्लेम करने से बचते थे।

### मुआवजा देने के नए नियम देश के साथ राज्य में लागू




- मुआवजा राशि देने के नियमों में सरलीकरण, प्रभावितों के अकाउंट में दो माह के भीतर आएगा पैसा
- गंभीर रूप से घायलों को 10 की जगह 50 हजार तथा मृतक के परिजन को 25 हजार की जगह दो लाख मुआवजा

#### मरहम का काम करेगा

हिट एंड रन मामले में मुआवजा राशि में वृद्धि करने से यह प्रभावितों के लिए मरहम का काम करेगा। साथ ही मुआवजा राशि देने के नियमों में सरलीकरण करने से प्रभावित जो पूर्व में मुआवजा राशि हासिल करने ध्यान नहीं देते थे, अब मुआवजा राशि के लिए क्लेम करने सामने आएंगे।

**संजय शर्मा,** एआईजी ट्रैफिक

#### इनको मिलेगा क्लेम

हिट एंड रन मामले में वही प्रभावित मुआवजा राशि पाने क्लेम कर सकते हैं, जिनका एक्सीडेंट अज्ञात वाहन से हुआ होगा। चिन्हित वाहन से एक्सीडेंट होने पर वाहन मालिक को प्रभावित को मुआवजा राशि भुगतान करना होगा। हिट एंड रन मामले में प्रभावितों को मुआवजा देने के नए नियम देश के साथ राज्य में लागू हो गया है।

#### ऐसे करना होगा क्लेम

हिट एंड रन मामले में मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमों में सरलीकरण किया गया है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल, मृतक के प्रभावित डिस्ट्रिक्ट कमेटी जिनका अध्यक्ष कलेक्टर है, उनके पास आवेदन करेंगे। कमेटी में पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसर, जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव शामिल हैं। कमेटी आवेदन की 15 दिनों के भीतर जांच करेगी। जांच पूरी होने के बाद कमेटी रिपोर्ट बीमा काउंसिल के पास भेजेगी। बीमा काउंसिल की पड़ताल के बाद कमेटी प्रभावित को कॉल कर बुलाएंगे। इसके बाद जरूरी दस्तावेज लेने के बाद प्रभावित के अकाउंट में रकम ट्रांसफर की जाएगी।

## सरकार तत्काल ठोस कदम उठाने के लिए बाध्य

# हाईकोर्ट ने कहा- आवारा कुत्तों के काटने से मौत के मामलों में सरकार जिम्मेदार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लेकर दूरदराज के इलाकों तक से आवारा कुत्तों के काटने से मौत की खबरें आती हैं। ऐसे कुछ मामलों में बिलासपुर हाईकोर्ट ने पीड़ित परिवार को साढ़े छह लाख से लेकर दस लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई की दौरान हाईकोर्ट ने अब राज्य सरकार की जिम्मेदारी भी तय कर दी है। अदालत के इस आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्त, सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए निर्देश जारी किया है।


हरिभूमि सरोकार

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी निर्देश में हाईकोर्ट के आदेश के पालन का निर्देश दिया गया है। नगरीय प्रशासन द्वारा जारी आदेश में बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्देश का हवाला दिया गया है। हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के हेड नोट्स के बिंदु क्रमांक दो में कहा गया है- आवार कुत्तों के काटने के गंभीर परिणामों के संबंध में लोगों को शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए एक व्यापक प्रसार अभियान चलाने तथा एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम के संचालन के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाने के लिए राज्य बाध्य है।

### आवारा कुत्ते का काटना शिकारी वन्य जीव हमले के समान

#### अदालत ने हेडनोट्स में यह भी लिखा

बिलासपुर हाईकोर्ट ने इस प्रकरण से संबंधित हेड नोट्स के पहले बिंदु में लिखा है- जब किसी व्यक्ति की मृत्यु आवारा कुत्ते के काटने से रेबीज के संक्रमण के फलस्वरूप होती है तो यह राज्य के कठोर दायित्व अथवा त्रुटि के बिना दायित्व सिद्धांत की परिधि में आएगा। एवं राज्य की नीति के अनुसार प्रतिकर प्रदान करने हेतु इसे शिकारी- वन्य जीवों द्वारा किए गए हमले की परिधि में सम्मिलित किया जाना चाहिए।





#### इस मामले की सुनवाई में दिया आदेश

बिलासपुर हाईकोर्ट ने यह आदेश जमुना बाई और लुकेश कुमार रजक विरुद्ध छग. शासन एवं अन्य से संबंधित प्रकरण की सुनवाई के दौरान दिया है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार करीब चार साल पहले इन लोगों के परिजनों को आवारा कुत्तों ने काटा था। इसकी वजह से उनके परिजनों की मौत हो गई थी। इस मामले में राज्य सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट में केस किया गया था। हाईकोर्ट ने पीड़ित परिवार के लोगों को साढ़े-छह लाख रुपए का मुआवजा दोनों प्रकरणों में देने का आदेश जारी किया था, लेकिन राज्य सरकार ने यह मुआवजा राशि संबंधितों को अदा नहीं की। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका सिविल दायर की गई है। इसी याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आवारा कुत्तों के काटने से होने वाली मौत के मामले में सरकार की जिम्मेदारी तय की है।

#### छत्तीसगढ़ में हर माह सैकड़ों मामले

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में आवारा कुत्तों के हमलों के सैकड़ों मामले सामने आते हैं। पिछले साल अप्रैल की स्थिति में रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में पिछले छह महीने में हर दिन तीन की औसत से 500 से ज्यादा मामले पहुंचे हैं। वहीं निजी और सरकारी अस्पतालों के आंकड़े 1500 से ज्यादा हैं, लेकिन इसके बाद भी नगर निगम और स्थानीय प्रशासन इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आता। जानकारों के मुताबिक पिछले कई सालों से शहर में कुत्तों की न तो गणना की गई है और न ही वास्तविक आंकड़े इकट्ठे हुए हैं। फिर भी अनुमान के मुताबिक उनकी संख्या 40 हजार से अधिक बताई जा रही है। कुत्तों की संख्या कम करने उनकी नसबंदी कराए जाने की बात कही जाती है, लेकिन कुत्तों की संख्या कम होने की जगह बढ़ती दिख रही है।

## भगवा ध्वज लेकर निकलेंगे युवा

# अयोध्या की तर्ज पर आकर्षण का केंद्र होगी भक्त और भगवान की प्रतिमा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- काशी से आए 11 विद्वानों की अगवाई में आज होगी महाआरती

डगनिया में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले धार्मिक आयोजन की तैयारी जोर पकड़ने लगी है। हिंदू सेवा संघ ने इस बार भी दो दिवसीय आयोजन तय किया है। इस वर्ष भी संघ से जुड़े युवाओं ने डगनिया स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में होने वाले आयोजन को खास बनाने की तैयारी की है। इसके लिए काशी के 11 विद्वानों को न्योता दिया गया है। इनकी अगवाई में धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार की शाम 6 बजे भव्य महाआरती से किया जाएगा।



डगनिया क्षेत्र में होने वाले दिव्य धार्मिक आयोजन के बारे में सेवा संघ के हरीश साहू, कोमल यादव, संजय यादव और निलेश यादव ने बताया कि इसमें शामिल होने वाले भक्तों से समिति ने घर से आरती की थाली सजाकर लाने के लिए आग्रह किया है। इसमें सबसे अच्छी आरती की थाली सजाकर पहुंचने वाले श्रद्धालु की हौसला अफजाई करते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में हर साल हजारों की तादाद में लोग शामिल होते हैं, इसे देखते हुए हर काम के लिए संघ से जुड़े युवाओं को जिम्मेदारी बांटी गई है। 5 अप्रैल की शाम 6 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर में अयोध्या की तर्ज पर बनवाई गई भांचा राम व भक्त हनुमान की प्रतिमा की दिव्य महाआरती मंत्रोच्चार के साथ की जाएगी।

#### आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भव्य शोभायात्रा में इस बार दुर्गा किंग की धुमाल पार्टी ही नहीं, श्री शिव बाल बजरंग दल द्वारा किया जाने वाला अखाड़ा प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। इनके बीच हजारों लोग भगवा ध्वज लहराते हुए शामिल होंगे। 6 अप्रैल की शाम 6 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर से भांचा राम की प्रतिमा के साथ ही हनुमानजी महाराज की विशाल प्रतिमा भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। हिंदू सेवा संघ के पदाधिकारियों ने इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप दिया है। प्रतिमा शुक्रवार को मंदिर परिसर में लाई जाएगी।

#### इस रूट से निकलेंगे रामभक्त

आयोजकों ने बताया कि हिंदुत्व शक्ति को जागृत करने और हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में रघुवेंद्र सरकार की दिव्य महाआरती के बाद भव्य शोभायात्रा मंदिर से 6 अप्रैल की शाम 5 बजे निकाली जाएगी। जयघोष करते हुए लोग शिव हनुमान मंदिर, संतोषी माता मंदिर, सिद्ध हनुमान मंदिर सुंदर नगर, जगन्नाथ मंदिर अश्विनी नगर, संकटमोचन हनुमान मंदिर लाखेनगर चौक से रायपुरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां भक्तिभाव से शोभायात्रा का परंपरा के अनुरूप समापन किया होगा।

## बच्चों को लेकर दूसरे व्यक्ति के साथ हुई फरार

# सास की शिकायत पर बहू को भेजा नारी निकेतन

- महिला आयोग में हुई सुनवाई





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

- महिला को चाल चलन सुधारने दिए निर्देश

अपने दो बच्चों के साथ ससुराल से भाग कर अन्य किसी व्यक्ति के साथ जीवन यापन करने वाली महिला को सास की शिकायत पर दो माह के लिए नारी निकेतन भेजा गया है। इस प्रकरण की शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में की गई थी, जिसकी सुनवाई करते हुए आयोग ने बच्चों को पिता को सौंपते हुए महिला को चाल-चलन सुधारने के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक, सदस्य बालो बघेल व अर्चना उपाध्याय ने गुरुवार को आयोग के रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इनमें एक प्रकरण एक महिला ने अपनी बहू के खिलाफ शिकायत की थी। आवेदिका ने आरोप लगाया था कि उसकी बहू और बेटे के बीच बनती नहीं है, लेकिन दोनों का तलाक नहीं हुआ है। दोनों की दो संतान है एक 5 वर्ष की बेटी एवं 2 वर्ष का बेटा। मई 2023 में दोनों के बीच लिखित में सुलहनामा कराया गया था, लेकिन इसी दिन उसकी बहू दोनों बच्चों को लेकर घर से भाग गई। इसके बाद से पूरा परिवार उसे और बच्चों को तलाश कर रहा था। आवेदिका ने इस संबंध में आयोग में शिकायत की थी। इसके बाद साइबर सेल की मदद से बहू और उसके बच्चों को ढूंढ निकाला। बेटी ने आयोग को पूछताछ में बताया, उसकी मां दोनों को एक व्यक्ति के साथ लेकर भागी थी। इसके बाद दोनों बच्चे अपनी मां के साथ उस व्यक्ति के साथ रहते हैं।

#### दोनों बच्चों को उसके पिता को सौंपा

बेटी ने यह भी बताया कि वह और उसका भाई स्कूल नहीं जाते, क्योंकि उसकी मां ने दोनों को स्कूल में भर्ती ही नहीं कराया। आयोग ने बेटी के बयान को सुनने के बाद माना कि बच्चों की मां का चाल-चलन ठीक नहीं है। इसके कारण उसके बच्चों का भविष्य भी बर्बाद हो सकता है। आयोग ने अनावेदिका के गलत चाल-चलन को सुधारने के लिए उसे 2 माह के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए, वहीं दोनों बच्चों को उसके पिता को सौंपा गया, ताकि वह अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा कर सके।

# पानी की समस्या दूर करने शहर में 4 जगहों पर बोरवेल खनन

- स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट का पूछा हाल
- जोनवाइज पेयजल आपूर्ति की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

शहर के पांच अलग-अलग इलाकों में पानी की समस्या दूर करने नगर निगम जल्द बोरवेल खनन करवायेगा। निगम से अनुबंधित ठेकेदार से लभांडी के आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2, संत रामदास वार्ड के रामनगर क्षेत्र, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाका और जोन 6 क्षेत्र के कुकरीपारा में बोरवेल खनन कराया जायेगा।

गर्मी के सीजन में पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में लोगों की मांग वार्ड पार्षदों की अनुंशसा पर नगर निगम के जल विभाग की 4 जगहों पर बोरवेल खनन कराने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा गुरुवार को गांधी सदन के सभागार में 10 जोन के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें यह बात चर्चा के दौरान सामने आई। बैठक में प्रमुख रूप से गर्मी में पेयजल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, आपात स्थिति में जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकर की वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा हुई। पेयजल को लेकर जोनवार समीक्षा बैठक में संबंधित वार्डों में पानी की मांग और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर मंत्रणा की गई। साथ ही जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में बोरवेल के पानी सैंपल जांच से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा भी की। सूत्रों के मुताबिक शहर के 4 इलाकों में नये बोरवेल खनन कराने संबंधी निर्देश दिये।जिन क्षेत्रों में बोरवेल खनन कराया जाना है, उनमें विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में चिन्हांकित स्थल शामिल है। इसके अलावा जोन 7 के रामनगर क्षेत्र, कुकरीपारा, खम्हारडीह और सिमरन सिटी में जल्द बोरवेल खनन कराया जायेगा।

बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त विनोद पांडे, सभी जोन के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता और जल कार्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांधी सदन में निगम आयुक्त ने ली जोन अधिकारियों की बैठक

#### 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति कब?

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने समीक्षा बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 24 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी से पूछा कि 15 वार्डों में 24 घंटे पानी कब तक मिल पायेगा? मोतीबाग और गंज पानी टंकी से कमांड एरिया में पाइप लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कर वाटर मीटर लगाने संबंधी कार्य की जानकारी ली।



*पानी सैंपल की जांच पर चर्चा : नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सार्वजनिक बोरवेल और पावरपंप के पानी सैंपल की जांच के बाद की स्थिति की जानकारी उन्होंने संबंधित अधिकारी से ली। दूषित पेयजल स्त्रोत के ट्रीटमेंट और संबंधित एरिया में साफ पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में जोनवार जानकारी मांगी।*

#### नलों से पानी का प्रेशर कम की शिकायत

बैठक के दौरान अमृत मिशन के तहत बिछाये गये पाइप लाइन और इंटर कनेक्शन के बाद शहर के कुछ इलाकों में नलों से पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के साथ पुरानी बस्ती और ब्राम्हणपारा की बस्तियों में निगम के नलों से लो प्रेशर के कारण पर्याप्त पानी नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से कहा कि जिन इलाकों में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन टेस्टिंग नहीं हो पाई है, वहां जल्द पाइप लाइन टेस्टिंग कर इंटर कनेक्शन का बकाया का काम पूरा किया जाये।

# बिगड़े मौसम से एक लाख हेक्टेयर रकबा से ज्यादा फसल चौपट, बटेंगे 160 करोड़

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य में मार्च महीने में आंधी के साथ बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से दो लाख से अधिक किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। फसल बीमा पोर्टल में किसानों ने फसल क्षति का मुआवजा के लिए आवेदन किया गया है। इन आवेदनों के बाद राज्य के सभी जिलों में शासन ने आरआई, पटवारी और बैंकों के माध्यम से सर्वे कराकर नुकसान का आंकलन कर लिया गया है। इस आंकलन के बाद प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने के लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को भेजा गया है।

**जन-पशु हानि व मकान क्षतिग्रस्त प्रभावितों को भी मिलेगी सहायता**



**राशिः** फसलों के नुकसान के आंकलन के साथ कहीं-कहीं आंधी-ओलावृष्टि एवं बारिश से जन एवं पशु हानि भी होने की खबर है। इसके अलावा कहीं-कहीं मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इसके लिए भी शासन ने आर्थिक सहायता राशि देने के लिए प्रस्ताव बनाया है। बताया जा रहा है कि इसके लिए लगभग 44 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है। यह प्रस्ताव भी स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को भेजा गया है।

#### *प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा गया*

*बेमौसम बारिश-औलावृष्टि एवं आंधी से राज्य में फसलों को नुकसान का सर्वे हो चुका है। प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि देने का आंकलन कर एस्टीमेट तैयार कर वित्त विभाग को मंजूरी के लिए भेजा गया है।*

*-टंकराम वर्मा, राजस्व मंत्री*

**चुनाव के बाद बंट पाएगा मुआवजा एवं सहायता राशिः** शासन स्तर पर फसलों के नुकसान और आर्थिक सहायता राशि बांटने के लिए जरूर प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा है, लेकिन इसे अनुमति अब लोकसभा चुनाव के बाद ही मिल पाएगी, क्योंकि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में राशि का प्रावधान नहीं होने की स्थिति में नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राशि का प्रावधान करना पड़ेगा।

#### 160 करोड़ रुपए का अनुमानित मुआवजा

बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से प्रदेश में सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान मुंगेली, धमतरी, बेमेतरा, कबीरधाम, दुर्ग व खैरागढ़-गंडई जिले में हुआ है। इसके अलावा अन्य कई जिलों में भी फसलों को नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा से फसलों को पहुंचे नुकसान का सभी जिलों में सर्वे कराया गया है। इसके तहत एक लाख हेक्टेयर रकबे से ज्यादा फसल खराब हुई है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रभावित किसानों को 160 करोड़ से अधिक मुआवजा राशि बांटा जाना है। इस राशि का प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजा गया है।

# वाणी राव सहित पांच सौ ने थामा भाजपा का दामन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, सरला कोसरिया की उपस्थिति में बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, राम नामी संप्रदाय की प्रमुख सदस्य, कांग्रेस पार्टी, जनता कांग्रेस, छत्तीसगढ़ के प्रमुख फिल्मी व लोक कलाकार सहित 500 से अधिक लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया।



रामनामी समाज से मणिराव, फिल्म स्टार मनमोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सिंगर शिवा जांगड़े, सतनाम भजन सम्राट द्वारिका बर्मन, सिंगर लक्ष्मी नारायण पांडे, नीलकमल वैष्णव, डॉ.मनोज कुमार आडिल, योगेश्वरानंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ के नेतृत्व में, एसएल पूड़ो, जैनेंद्र साहू, राजू सोनी, हरगोविंद देवांगन, डॉ. अनामिका पाल प्रदेश अध्यक्ष महिला जनता कांग्रेस के नेतृत्व में डॉ. अमीन खान, संतोषी रात्रि, घनश्याम प्रधान, ऋतुराज शर्मा, राजा चौबे, श्याम पटेल, सुहानी पटेल, रवि पांडे सहित बहुत बड़ी संख्या में कांग्रेस, जनता कांग्रेस, फार्मेसी क्षेत्र के लोग और फिल्म उद्योग से जुड़े हुए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई माता कर्मा की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भक्ति सेवा त्याग और समर्पण की प्रतिमा मां कर्मा देवी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मां कर्मा देवी की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मां कर्मा देवी जगन्नाथपुरी में समुद्र के किनारे ही रहकर बहुत समय तक अपने आराध्य बालकृष्ण को खिचड़ी का भोग अपने हाथों से खिलाती रही और उनकी बाल लीलाओं का आनंद साक्षात मां यशोदा की तरह लेती रही।



### पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम ढोड़ में 4 अप्रैल को अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। यह लीला पेशराम पटेल सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में रंजीत चंद्राकर ने कहा कि नशामुक्त, मांसाहारमुक्त एवं चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर पांच घंटे की अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया। जिसमें रंजित चंद्राकर, हीरा बाई चंद्राकर, तनु निर्मलकर, राधे निर्मलकर, परशुराम यादव, दिलीप सेन, आत्माराम, लीला पटेल, पेशराम पटेल, अनुसुईया, गोवर्धन, मोहरमति, सुकतिन, बिमला, तुकाराम, खुशबू, अंजली, तेजमती, अशोक, यशोदा, शिक्षक घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।



### आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव बने खेमराज

**महासमुंद।** छग प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जनक ध्रुव ने आदिवासी नेता खेमराज ध्रुव को प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ में आदिवासी कांग्रेस प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाया है।

### आप कार्यकर्ता करेंगे एक दिवसीय उपवास

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा ईडी एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर पूरे योजनाबद्ध तरीके से विपक्षी पार्टी के नेताओं को जानबूझकर झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। इसके विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा पूरे देश में 7 अप्रैल को 11 बजे एक दिवसीय उपवास कचहरी चौक में रखने जा रही हैं।

**पहल : मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ**

# शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देने रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने कई अभिनव पहल की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिले में पहली बार रात्रिकालीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का स्थानीय मिनी स्टेडियम में की जा रही है। इसी क्रम में 4 अप्रैल गुरुवार को विकासखंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एस आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विकासखंड एवं जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिनमें से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी एक है। प्रारंभिक तौर पर यह प्रतियोगिता पांचों विकासखंड में संचालित हो रहा है। आगामी 12 अप्रैल को जिला स्तर पर विभिन्न विकासखंड से विजयी टीम भाग लेंगे। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 12000 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 8000 रुपए रखा गया है।

शुभारंभ अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा तथा जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने संबोधित किया और खिलाड़ियों का हौसलाआफजाई किया। इसके पूर्व सभी खिलाड़ियों का मतदाता बैच लगाकर स्वागत किया गया और उपस्थित समस्त खिलाड़ी एवं जनसमुदाय ने अनिवार्य मतदान की शपथ ली। इस अवसर पर जिला क्रीडा अधिकारी मनोज धृतलहरे, डीपीओ एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी पोषण साहू, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कमल नारायण चंद्राकर, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नगर पालिका से दिलीप चंद्राकर, नवाब बख्श एवं विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र साहू, सेवन दास मानिकपुरी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**पहला मैच रोमांचक रहा**

जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने बैटिंग कर स्वीप क्रिकेट का शुभारंभ किया। पहला मैच शाम 7 बजे स्काई किंग 11 वर्सेस बीटीआई 11 के मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए स्काई किंग ने 8 ओवर में 96 रन बनाएं। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीटीआई 11 की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गई, बिहारी शर्मा ने दो ओवर में चार विकेट लेकर के मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। इस प्रकार यह मैच स्काइ किंग 11 ने जीता। दूसरा मैच सेजेस हिंदी वर्सेस जुड़वा 11 के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए सेजेस हिंदी ने 8 ओवर में 73 रन का स्कोर बनाया, जिसे जुड़वा 11 ने बिना किसी विकेट खोए आसानी से यह मैच को अपना नाम कर लिया।

# केंद्र में बैठी भाजपा सरकार ने 10 वर्षों तक जमकर भ्रष्टाचार किया : धनेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शुक्रवार को पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू और रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय नवापारा पहुंचे। यहां बस स्टेण्ड में ब्लाक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा कि केंद्र में 10 वर्षो से बैठी भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में सात न्याय गारंटी योजना लेकर आई है जिसमें युवाओं को रोजगार, एमएसपी, श्रम, सामाजिक चेतना जैसे योजना शामिल है। श्री साहू ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 15 सौ रूपए देने की बात कही थी परंतु आपलोगो ने विश्वास नहीं किया। इस बार 8333 रूपए महिलाओं को देने का वादा है। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने महिलाओं से पूछा कि पिछले 10 सालों में आप लोगों को घर चलाने में कितनी तकलीफें हो रही है। महंगाई बढ़ते चला जा रहा है। अत एव इस बार के चुनाव में मोदी सरकार को बदलना है। कहा कि महालक्ष्मी गारंटी योजना के माध्यम से 8333 रूपए महिलाओं के एकाउंट में आएगा। यहां हम जो फार्म दे रहे है उसे भरकर कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष , कांग्रेस पार्षद और ब्लाक अध्यक्ष के पास जमा कर सकते है। कहा कि धनेंद्र साहू जी जब विधायक थे तो उन्होने इतना काम कराया बावजूद आप लोगो ने उसे हरा दिया। कांग्रेस के इस सम्मेलन में नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, रामा यादव, आशीष दीवान, निर्माण सिंह यादव, राजा चांवला, फागुराम, राकेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।





### प्रत्याशी बृजमोहन को जिताने महिला मोर्चा ने लिया संकल्प

**नवापारा-राजिम।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को भारी मतों से जिताने के लिए कमर कसने का संकल्प भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी संध्या तिवारी, रायपुर जिला ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल, चेतना गुप्ता, तनु मिश्रा, धनमती साहू, अमेरिका, ललिता, नवापारा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवांगन, किरण सोनी, हर्षा कंसारी, संतोषी कंसारी, उमा कंसारी, प्रभा बासवार, पार्षद गण पद्मिनी सोनी, ओम कुमारी, अनीता देवांगन, सरोज साहू, शांति साहू, ललिता साहू, हेमीन साहू, दुकलहीन साहू, गीता राजपूत, राज बाई साहू, शांता तारक ने लिया।

# त्याग, संयम, समर्पण और भक्ति की प्रतिमूर्ति थी माता कर्मा : जयप्रकाश

## भक्त कर्मा जयंती पर जल कलश यात्रा, कर्मा खिचड़ी प्रसादी का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संत शिरोमणि भक्त कर्मा जयंती का आयोजन अंचल की ऐतिहासिक धाम खल्लारी की कर्मा माता मंदिर, ग्राम एमकेबाहरा के कर्मा सदन, ग्राम कमरौद कर्मा माता मंदिर समेत विभिन्न ग्रामों में हर्षोल्लास हुआ।

ग्राम एमकेबाहरा में कर्मा जयंती उत्सव के मुख्य अतिथि सेवा राम साहू अध्यक्ष खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज, अध्यक्षता कमलनारायण साहू सरपंच एमकेबाहरा एवं विशिष्ट अतिथि चमन लाल साहू महासचिव राजिम भक्तिन समिति राजिम, चंदूलाल साहू उपाध्यक्ष साहू समाज खल्लारी परिक्षेत्र, जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ महासमुंद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चमन लाल साहू ने माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत माता कर्मा की भक्ति के कारण ही भगवान जगन्नाथ ने माता कर्मा की बनाई खिचड़ी का स्वयं उनके हाथों से भोग ग्रहण किया। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जि ला ध्य क्ष जयप्रकाश साहू ने माता कर्मा को त्याग संयम सेवा की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने माता कर्मा की जन्म जयंती पर रिलीज जीवनी पर आधारित फिल्म संत माता कर्मा को देखने की अपील की। कार्यक्रम को सरपंच कमल नारायण साहू, सेवाराम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम पश्चात कर्मा प्रसादी खिचड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम नारायण साहू, युगल किशोर साहू युवा अध्यक्ष रायपुर संभाग, भेख लाल पटेल, लाला खिलेश राम साहू, पानस साहू, दामिनी साहू, टिकेश्वरी साहू, पिनिता साहू, नेमलता साहू, लोकेश्वरी साहू, देवकी साहू, तिलक राम साहू, गगन साहू, ऋषि कुमार साहू, बालमुकुंद साहू, नेम लाल साहू, चेतन कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, जनक साहू, लोकेश साहू, दीपक साहू समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणजनों का आभार प्रदर्शन देवक राम साहू ग्राम प्रमुख अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज ने किया।



# सैकड़ों केमिस्टों एवं पूर्व कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर।

विश्व के सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी माने जाने वाली भारतीय जनता पार्टी का प्रतिदिन विस्तार होते जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउन्सिल के अध्यक्ष कॉंग्रेस के ज़िला महामंत्री अरुण मिश्रा ने सैकड़ों साथियों के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर के लोकप्रिय विधायक किरण सिंहदेव ने पार्टी का पटका पहनाकर प्रवेश कराया साथ ही पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव मौजूद रहे।जानकारी हो कि छत्तिसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउन्सिल के अध्यक्ष अरूण कुमार मिश्रा छत्तिसगढ दवा विक्रेता संघ के जनसंपर्क अधिकारी एवं जिला दवा विक्रेता संघ गरियाबंद के अध्यक्ष भी हैं, कांग्रेस के ज़िला महामंत्री जैसे दायित्व में रह चुके है, देवभोग और झाखरपारा के ज़मीनी सतह पर मजबूत और प्रतिष्ठित नेता के रूप में उनकी पहचान हैं। मिश्रा के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को लोकसभा के चुनावों में काफ़ी फ़ायदा होने के अनुमान भाजपा कार्यकर्ता लगा रहे हैं।

अरुण मिश्रा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प, हिंदुत्व, सामान्य मानवीय को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से उन्होंने जनसेवा करने का निर्णय लिया। उन्होंने आगे कहा की भाजपा की सबका साथ, सबका विकास की धारणा सामान्य जन को एकता के सूत्र में बांधती है।

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा ज़िलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धनसिंह मांझी, पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोहरापदर गुरुनारायण तिवारी, देवभोग मंडल अध्यक्ष लुद्रास साहू, सुधीर पटेल, खीरलाल नागेश, शोभाचंद्र पात्र, पदुलोचन जगत, पवन जैन, तानसिंह मांझी, शेख़ शल्लाबुद्दीन की विशेष उपस्थिति रहे। साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट फ़ार्मेसी काउन्सिल के अध्यक्ष अरुणकुमार मिश्रा के साथ ज़िला दवा विक्रेता संघ के सचिव अश्वनी ठाकुर, कोषाध्यक्ष अमीन मेमन, उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता, हेमंत मिश्रा रितेश तिवारी, अरविंद नागेश श्रीकांत वैष्णव, देवानंद साहू, तोरण सेन, विजय शंकर वर्मा निलकंठ ध्रुव, वासुदेव साहू धीरज साहू, रूपेन्द्र सिन्हा, दाऊलाल यादव दशरथ साहू सहित सैकड़ों की संख्या में आमजनों ने भाजपा प्रवेश किया।



# चरणदास के बयान पर भाजपा विधायक साहू ने किया पलटवार

**राजिम।** बीते मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास द्वारा चुनाव अभियान के दौरान दिए गए विवादास्पद बयान पर राजनीति गरमा गई है। पीएम मोदी को लेकर उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ लाठी पकड़ने वाला, मुड़ फोड़ने वाला आदमी चाहिए, और ये आदमी भूपेश बघेल हो सकते हैं, देवेंद्र यादव हो सकते हैं। नेता प्रतिपक्ष के इस बयान का राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए पलटवार किया है। मामले को लेकर भाजपा विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नेता जो केंद्रीय मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं उनके द्वारा इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी देश के प्रधानमंत्री पर करना अशोभनीय है। कहा कि मैं भी मोदी का परिवार हूँ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमा के लिए पहली लाठी खाने भी तैयार हूं। उन्होंने कहा कि डॉ. महंत के इस बयान से कांग्रेस पार्टी का असली चाल,चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने संपूर्ण विश्व में अपने कार्यों से भारत माता का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है, उनके बारे में ऐसी अशोभनीय टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी ही क्या देश की जनता भी कभी स्वीकार नहीं करेगी। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यों से खुश है और अबकी बार 400 सीटों के साथ उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत कांग्रेस पार्टी की संभावित हार हो देखकर अपना संतुलन खो बैठे हैं उनके बयान से कांग्रेस पार्टी के हार की हताशा साफ झलक रही है। छग की जनता प्रदेश की सभी 11 सीटों पर भाजपा को जीताकर कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब देगी।



# जिले के 4 लोग विभिन्न पदों पर नियुक्त

**छुरा।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक मिश्रा के अनुशंसा से प्रदेश के किसान कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें जिला के चार लोगों को प्रदेश के विभिन्न पदों पर अवसर दिया गया है। जिसमें अवध साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, मोती साहू प्रदेश महामंत्री, देव सिंह रात्रे प्रदेश महामंत्री, गजेंद्र सिन्हा प्रदेश महामंत्री के रूप में नियुक्ति हुई है। इन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय महासचिव सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकार ने किसानों के लिए बहुत काम किया था इसका परिणाम है कि आज किसान काफी समृद्ध है। किंतु आज उन्हें कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें बिजली, खाद है इनके निराकरण के लिए किसान कांग्रेस निरंतर किसानों के साथ खड़े होकर संघर्ष करेंगे, उनकी नियुक्ति पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष समद खान रिजवी, मक्कू दीक्षित, सलीम मेमन, लोकेश्वर वर्मा, प्रहलाद यद्धु, लोक राम यादव सहित कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी ने बधाई दी है।





# मतदाता जागरुकता के लिए विश्वनाथ पाणिग्रही देंगे मतदाताओं को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करने के लिए जिला स्वीप आईकान डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा न्यौता पत्र तैयार किया गया है। जिसका विमोचन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा किया गया। इस कड़ी में जिला स्वीप आईकान डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने बताया कि हल्दी एवं पीले चावल का हमारे संस्कारों में विशेष महत्व होता है तथा जिस भी मतदाता को हल्दी पीला चावल लगा न्योता पत्र मिलेगा, वह इस निमंत्रण को प्राप्त कर प्रसन्न होगा तथा निश्चय ही इसका सम्मान करते हुए मतदान करने जरूर जाएगा। उन्होंने सर्वप्रथम कलेक्टर मलिक को मतदान आमंत्रण देकर इस अभियान की शुरुआत की। इसके पीछे सोच है कि इस तरह हर मतदाता को प्रेरित कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने नवाचारी पहल किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रेखराज शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. पाणिग्रही के इस अभिनव कार्य के लिए एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने सराहना की।



## पेज 7 के शेष...

### साड़ियों के बीच...

की गई, जिसमें पैकेटों में 3 लाख रुपए मूल्य का 30 किलो गांजा जब्त किया गया। गिरफ्तार की गई महिलाएं यूपी के बलिया जिला की रहने वाली हैं। पकड़ी गई महिला आरोपियों में विजय लक्ष्मी (32 वर्ष), सीमा खातून (40 वर्ष) और कमलबती (40 वर्ष) शामिल हैं। एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल सिंग ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्यवाही की जा रही है, उन्होने आगे बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर पुलिस द्वारा हर संदिग्धों पर नजर रखी गई है। आज मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के नेतृत्व में यात्री बस में साड़ी कपड़ा के साथ गांजा छिपाकर ले जा रहे तीन महिलाओं को पकड़ा गया और उनके खिलाफ कार्यवाही किया जा रहा है।

### रसेला-छुरा मार्ग...

अभी तक इस मार्ग का सुध लेने वाला कोई नहीं है। 3 माह के बाद फिर बारिश आने वाले हैं। फिर वही बारिश से इस क्षेत्र ग्रामवासी तकलीफ सहन के लिए कमर कस के तैयार रहेंगे। इधर लोकसभा का मतदान भी 20 दिन शेष हैं ऐसे में रसेला से छुरा मार्ग सड़क नवनिर्माण की समस्या कहीं वनांचल वासियों के लिए मुद्दा न बन जाए। जिला पंचायत केसरी ध्रुव, जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, हेमलता ध्रुव, थनेश्वर कंवर सतबती सोरी, संतराम नेताम, सरपंच राजकुमारी ध्रुव,पीलीबाई कुंजाम, दीपाबाई सोरी, बिग्रेन्द ठाकुर ने शासन प्रशासन से उक्त सड़क का नवनिर्माण कराए जाने की मांग की है।

### फसलों को तना छेदक...

तना छेदक का प्रकोप छाया रहा। इससे बचाव के लिए किसानों ने क्षेत्र के कीटनाशक विक्रेताओं की सलाह पर दवाईयों का छिड़काव किया। इसके बाद अब झुलसा ने कहर बरपा दिया है। धान के पौधे झुलसकर मुरझाने लगे हैं। गरियाबंद जिले के तीन ब्लाक में ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने के लिए सीकासार बांध से पानी छोड़ा गया है। वहीं अधिकांश किसान बोरवेल से रबी फसल लगाए हैं। यहां पर फसल की रखवाली करना भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। कई स्थानों पर मवेशी ग्रीष्मकालीन धान की फसल को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। जिसके चलते किसानों को कई तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है।

### दौरे पर निकले...

है कि वह केवल खानापूर्ति के लिए घूमते हैं बल्कि मौके पर तत्काल समस्या का निदान करने के लिए निर्देशित करते हैं। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी ,सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू, महेश वर्मा, छेरकू वर्मा, वेद राम साहू आदि थे। विधायक रोहित साहू ने सभी वार्डवासियों की बातों को गंभीरता से सुनकर तत्काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर समस्याओं को दूर करने निर्देशित किया। ठीक इसी तरह विद्युत की समस्या को हल करने विद्युत विभाग के जेई को निर्देश दिया। विधायक पिछले कई दिनों से से क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों और नगर के वार्डों में भ्रमण कर ग्रामीणों से बैठक कर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे है। इससे पहले वे नगर के वार्ड क्रमांक 3 और 7 में लोगों की समस्याओं से परिचत हो चुके हैं। इस दौरान वे शासन की योजनाओं से आमलोगों को अवगत भी कराते रहे।

### प्रेम का प्रतीक...

जिसमें सुदामा ने सिर्फ कृष्ण को दोस्त हैं ईष्ट हैं। किंतु कभी उनसे मांगने की बात कभी नहीं सोची और हम सब भी जीवन में देखे तो सबसे कठिन काम है। अपने लिए मांगना, आप जब समाज के लिए किसी कार्य के लिए मांगने निकले हैं तो लोग सहर्ष देने को तैयार हो जाते हैं। किंतु जब आप अपने लिए मांगने निकलते हैं तो कई प्रकार के प्रश्न खड़े होते हैं, इसलिए जीवन में सबसे कठिन काम है अपने लिए मांगना, सुदामा प्रसंग में भी यही है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./ 202402220600011 /अ-21 / वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ विक्रेता रिखीराम साहू पिता स्व. दयाराम साहू निवासी गरियाबंद की ओर से विद्वान अभिभाषक श्री बी.आर. देवांगन द्वारा ग्राम छुरा तहसील छुरा जिला गरियाबंद में स्थित व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 394/22 रकबा 0.01 हे. को अनावेदक / क्रेता ऐशराम साहू पिता आशाराम साहू जाति तेली ग्राम नवापारा (कोसमी) तहसील छुरा के पक्ष में विक्रय की अनुमति हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08.04.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 21.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद- मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
छुरा

## खबर संक्षेप

### पीएम का लाठी से सर फोड़ने की बात शर्मनाक : योगेश

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता डॉक्टर चरणदास



महंत के बयान से छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल आ गया है। राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नामांकन रैली के पश्चात आयोजित सभा में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लाठी से वार करने की टिप्पणी की। जिस पर पलटवार करते हुए भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष कांग्रेसी नेता चरणदास महंत देश के प्रधानमंत्री को लाठी से मारने सर फोड़ने की बात करते हैं जो बेहद शर्मनाक बात है देश के प्रधानमंत्री पर ऐसी टिप्पणी की हम कड़ी निंदा करते हैं, और कांग्रेसियों से पूछना चाहते हैं कि प्रत्येक भारतीय करता है अपने प्रधानमंत्री से प्यार कैसे करेंगे कांग्रेसी उन पर लाठी से वार, हम सब मोदी का परिवार हैं देश का बच्चा बच्चा मोदी का परिवार है।

### प्राचार्य ने रक्तदान कर मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

**सुरसाबांधा।** सुरसाबांधा निवासी और शासकीय हाई स्कूल बोडरा में पदस्थ प्राचार्य श्याम सुंदर साहू ने गत दिनों एक जरूरतमंद को रक्त देकर लोगों को मतदान करने के लिए अपील करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए हम अपने अधिकार का उपयोग करें, मतदान के दिन मतदान जरूर करें। मतदाताओं को बिना किसी भय के और निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। साथ ही प्राचार्य मतदाताओं को जागरूक करने की उद्देश्य से मतदान विषय पर कविता लेखन कर सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं और लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। विगत दिनों इन्हें फूल खिले गुलशन में राष्ट्रीय काव्य धारा संग्रह में इनकी रचना को सम्मिलित कर काव्य रत्न अलंकरण 2024 से सम्मानित किया गया।

# वोटर्स को जागरूक करने एसडीएम व एसडीओपी ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के अनुविभाग मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे चिलमिलाती धुप में वोटर्स को जागरूक करने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी मोटर सायकल रैली निकाली और यह मोटर सायकल रैली तहसील कार्यालय ग्राम गौरघाट से प्रारंभ हुआ जो मैनपुर मुख्य मार्ग, बस स्टैण्ड, वन विभाग, होते हुए पेट्रोल पम्प तक पहुंची और वहां से वापस हमर मैनपुर चौक में पहुंचकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने शपथ दिलाई। इस मौके पर

## हमर मैनपुर चौक में नागरिकों को दिलाई गई मतदाता जागरुकता की शपथ



### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल सिंह, तहसीलदार जॉली जेम्स, मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, वन विभाग के एसडीओं गोपाल कश्यप, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, कार्यक्रम अधिकारी हेमंत तिर्की, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर, मैनपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम, कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र अधिकारी अमर सिंह ठाकुर, तौरेगा वन परिक्षेत्र अधिकारी राकेश परिहार, उदंती वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.एन.सोनी, एडिशनल सीईओ डीएस नागवंशी, दिनेश शाडिल्य, कृषि अधिकारी भावेश शाडिल्य, बीएमओं डॉ गजेन्द्र ध्रुव, प्रधानमंत्री आवास कार्यक्रम अधिकारी विकास द्विवेदी, करारोपण अधिकारी अमरनाथ मरकाम, खिलेन्द्र नागेश, बोध पटेल, संजय नंदलाल, बीईओं चन्द्रशेखर मिश्रा,शेख ईमामुद्दीन, कमलेश ध्रुव सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक बडी संख्या में उपस्थित थे।

एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के उददेश्य से आज यह मोटर सायकल रैली निकाली गई है उन्होने उपस्थित लोगों से अपील किया स्वंय मतदान करें और अपने आसपास के लोग पडोसी परिजनों को मतदान के लिए अपील करने की बात कही। एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल सिंह ने कहा कि चुनाव देश का पर्व है और प्रत्येक मतदाता को अपने घरों से निकलकर मताधिकार का उपयोग जरूर करना चाहिए। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। सुदृढ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है, इस दौरान मैनपुर तहसीलदार जॉली जेम्स एवं जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों ने भी सभी लोगों से मतदान करने की अपील की।

## जयंती : कर्मा माता के तैल चित्र की पूजा कर, खिचड़ी प्रसाद का लगाया भोग

# भक्ति की शक्ति से माता कर्मा ने जन कल्याण का किया कार्य : घनाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा पापमोचनी एकादशी को समाज की आराध्य देवी कर्मा माता की जयंती साहू छात्रावास परिसर में सुबह 11 बजे मनाया गया। जयंती समारोह के अतिथि इंजीनियर नारायण साहू संस्थापक तेली इंजीनियर एसोशियन एवं समिति के मार्गदर्शक घनाराम साहू समिति के अध्यक्ष लाला साहू द्वारा कर्मा माता के तैल चित्र का पूजा-अर्चना कर खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया। तत्पश्चाप नवापारा नगर में साहनी समाज द्वारा स्थापित कर्मा माता मंदिर में कर्मा माता की पूजा-अर्चना की गई। कर्मा माता मंदिर परिसर में घनाराम साहू ने कहा कि भक्ति की



शक्ति से माता कर्मा ने जन कल्याण का कार्य किया तथा साहू समाज में प्रचलित कर्मा माता की जीवनी का स्मरण दिलाया। कहा कि हम लोगों को भी भक्ति में शक्ति का सदुपयोग करते हुए समाज सेवा करना है अर्थात साहू समाज एवं साहनी समाज दोनों मिलकर अपने समाज को आगे लाने की दिशा में कार्य करेंगे। क्योंकि साहनी समाज कर्मा माता की उपासक हैं एवं साहू समाज की आराध्य देवी कर्मा माता है। इंजीनियर नारायण साहू एवं साहनी समाज के प्रमुख महेश साहनी ने संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नूतन साहू, भोले साहू, रामकुमार साहू, ओंकार साहू, विष्णु साहू, तरुण साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष भवानी साहू, टीकम साहू, राजू साहू, देवलाल साहू एवं साहनी समाज के पार्षद हेमंत साहनी, समाज प्रमुख जुगनु, कुलदीप, सदन, समारु साहनी, मोहन साहनी, बलराम साहनी, गोपाल साहनी, नवीन साहनी, नटवर साहनी, हरिशंकर उपस्थित थे। समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू द्वारा कविता पाठ एवं कोषाध्यक्ष भोले साहू द्वारा करमा गीत प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष लाला साहू के द्वारा सभा का संचालन एवं हरिशंकर साहनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# कलशयात्रा निकालकर मनाई भक्त माता कर्मा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार को साहू समाज के आराध्य भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा विशेष पुजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना किया गया। साथ ही विशाल कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में समाज के महिला, पुरूष व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलशयात्रा के पश्चात साहू सदन मैनपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की



पुजा अर्चना कर किया गया, कार्यक्रम के दौरान समाज प्रमुखों ने समाज में एकता भाईचारा और शिक्षा को बढ़ावा देने पर अपना संबोधन दिया साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को सम्मान भी किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से साहू समाज के जगदीश साहू, छन्नु साहू, डमरूधर साहू, खुशीराम साहू, राजेन्द्र साहू, दुलंचद साहू, रामलाल साहू, उमाकांत साहू, खिलावन साहू, मोहित साहू, रामस्वरूप साहू, देवचरण साहू, बाबुलाल साहू, लोकनाथ साहू, रामजी साहू सहित बडी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

# महंत अपने लाठी मार वाले बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कांग्रेस नेता डॉ. चरण दास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई लाठी मार वाली टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि डॉक्टर महंत की निम्नस्तरीय टिप्पणी, उनके मानसिक दिवालियापन का परिचायक है। श्री साहू ने कहा कि डॉक्टर की उपाधि रखने वाले चरण दास महंत की समझ किस स्तर की है? इसका प्रदर्शन वे वर्ष 2021 में राजिम माघी पुन्नी मेला के मुख्य मंच पर स्वयं कर चुके हैं। श्री साहू ने बताया कि उस वक्त मंच पर महंत ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा था कि कोरोना महामारी को भगवान ने पैदा किया है। श्री साहू ने कहा कि जिस कोरोना महामारी के लिए पूरी दुनिया प्रारंभ से लेकर चीन देश को जिम्मेदार ठहराती आई है, उसे डॉक्टर महंत ने क्लीनचिट देते हुए सारा दोष भगवान पर मढ़ दिया था। वैसे भी भारत के दुश्मन चीन के प्रति कांग्रेसियों का प्रेम जगजाहिर है।



लेकिन इस चक्कर में डॉक्टर महंत, भगवान को भी दोषी बनाने से नहीं चूके। श्री साहू ने कहा कि एक कांग्रेसी होने के नाते डॉ. महंत की स्वाभाविक जलन, प्रधानमंत्री मोदी से हो सकती है लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं है कि 140 करोड़ जनता के द्वारा प्रदान किए गए बहुमत का, वे अपमान करने का दुस्साहस करें। डॉ. महंत को अपने लाठी मार वाले बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं और अपने बयान पर कायम रहते हैं तो वे दिन, तारीख, समय और स्थान खुद निर्धारित कर लें, उनकी लाठी खाने प्रधानमंत्री मोदी की जगह मैं खुद पहुंचूंगा।

### पानी टंकी निर्माण के लिए कब्जा हटवाया तो महिला सरपंच को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** पानी टंकी निर्माण के लिए शासकीय भूमि से कब्जा हटाने से नाराज पति-पत्नी ने कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम चिंगरिया की महिला सरपंच से विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया सृष्टि चंद्राकर पति गोविंद चंद्राकर (32) निवासी मोखा ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम पंचायत चिंगरिया का सरपंच हूं और मेरे ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मोखा में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है, जो कि पंचायत मे प्रस्तावित जगह पर ग्राम मोखा में बनना है। लेकिन प्रस्तावित भूमि पर ईश्वर सतनामी पिता मंगलू सतनामी के द्वारा कब्जा किया गया है। ईश्वर सतनामी के कब्जे की शासकीय भूमि को तहसीलदार द्वारा पानी टंकी निर्माण मुक्त कराया गया था।

# महिला वंदन एवं आवास सहित कई गारंटी हुई पूरी : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी के नामांकन में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर तो लग रहा है कि हम काफी वोटों से आगे चल रहे हैं, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी और प्रदेश द्वारा किसानों, महिलाओं एवं आवास सहित विभिन्न गारंटी पूरी हुई है। जिसका लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा और प्रदेश में पूरा 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की विजय होगी। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि घरों से निकाल कर अधिक से अधिक मोदी की गारंटी के नाम पर वोट करें, महासमुंद के जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के उपाध्यक्ष छतर सिंह ठाकुर, समाज सेवा शीतल धुव ने रूप कुमारी चौधरी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी और और क्षेत्र की सामाजिक, भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया और क्षेत्र में शासन की योजनाओं का संचालन के संबंध विस्तार से चर्चा की, जिला



उपाध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों का विगत 2 वर्ष की राशि, 31 सौ रुपए प्रति किवंटल, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान, 18 लाख आवास, 1000 प्रति माह महतारी वंदन के तहत एक महिलाओं के खाते में लगातार पहुंच रहा है। साथ ही साथ देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी पर क्षेत्र के लोगों मोहर लगाएंगे और प्रदेश के सभी सीटों पर भाजपा का सांसद बनेंगे।

### 132 केवी विद्युत स्टेशन की जरूरत : नीलकंठ

छुरा। विकास खंड के समस्त ग्रामों में बिजली सरप्लस आपूर्ति हो जिसके लिए 132 केवी पावर सप्लाई के लिए स्टेशन की आवश्यकता है। ज्ञात हो काफी दिनों से क्षेत्र के किसान,



जनप्रतिनिधियों, छात्र - छात्राओं के द्वारा निवर्तमान सरकार को मांग करने पर जगह के लिए कहा गया था। जगह मिलने पर उसी जगह पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छुरा के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में बनाने की भी घोषणा की थी। कांग्रेस के सरकार के चले जाने से बहुप्रतिक्षित मांग ज्वलंत मुद्दा ठंडे बस्ते में चले जाने लोग परेशान है। वहीं इधर ग्राम मडेली में पावर स्टेशन स्थापित करने 20 एकड़ जमीन का चयन कर सुरक्षित रखा गया है। अभी तक बजट नहीं होने के कारण रुका हुआ है। जिसके कारण आज आये दिन बिजली कटौती, लो-वोल्टेज से सभी वर्ग के लोग काफी परेशान है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष व जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा चिह्नांकित स्थल मडेली से विद्युत आपूर्ति के 132केवी पावर हाउस स्टेशन बनाने के लिए क्षेत्रीय विधायक और सांसद को संज्ञान में लेकर शासन से फंड स्वीकृत हेतु मांग करना चाहिए तथा बनाने में सहयोग करने से भीषण गर्मी के समय सभी वर्गो को बगैर कटौती के विद्युत आपूर्ति हो सके।

# नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के बयान के विरोध में भाजपा ने निकाली मौन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाठी से मारने संबंधित दिए गए बयान के विरोध में भाजपा ने राजिम में गायत्री मंदिर से पं, सुंदरलाल शर्मा चौक तक मौन रैली निकाली और नेता प्रतिपक्ष के बयान की निन्दा की। मौन रैली के पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री एवं महासमुंद लोकसभा के समन्वयक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा लाठी से मारने का दिया गया बयान उनकी ऊंची मानसिकता का परिचायक है। कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस अभी से अपनी करारी हार देखते हुए बौखला गई है यह उसी बौखलाहट



## महंत देश की जनता और प्रधानमंत्री से माफी मांगे : साहू

का परिणाम है कि कांग्रेस नेता लगातार ऐसे अनर्गल और विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ और अनुभवी कांग्रेस नेता होने के कारण चरणदास महंत को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि राजनीति में प्रतिद्वंता में भी इस तरह की भाषा का उपयोग नहीं करना चाहिए। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजनीति में विरोध होता है लेकिन नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का लाठी मारने वाला बयान निंदनीय है। उन्हें इस बयान के लिए देश की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगनी चाहिए। विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस अपने दूषित मानसिकता की राजनीति कर रही है। जनता इसका जवाब देने तैयार है। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ श्वेता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, वरिष्ठ नेता अशोक राजपूत, केशरी ध्रुव, जगदीश यदु, छुरा खोमन चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी साहू, लालिमा ठाकुर,महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू नायक, सोमप्रकाश साहू, ऋतु राज शाह, संजीव चंद्राकार, शरद पारकर, रिकेश साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, लिकेश्वर साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकत्रा उपस्थित थे।

# जोन बैठक में कांग्रेस को जिताने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत जोन कांग्रेस कमेटी शोभा की बैठक शुक्रवार को शोभा में रखी गई। घंटों चली इस बैठक में चुनाव में जोन कांग्रेस की भूमिका, रणनीति सहित चुनाव में जिताने संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जोन अंतर्गत आने वाले सभी बूथ के अध्यक्षगण व पदाधिकारियों ने अपने बूथ पर कांग्रेस को जिताने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम-कृष्ण ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष खेदू नेगी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जोन अध्यक्ष भुनेश्वर नेगी, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव सहित अन्य



पदाधिकारी उपस्थित रहे, इस दौरान विधायक जनक धुरव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के साथ न्याय करने 5 न्याय योजनाएँ देशवासियों के लिए लेकर आ रही है, युवा न्याय, श्रमिक न्याय, सामाजिक हिस्सेदारी न्याय,नारी न्याय और किसान न्याय। इन सभी न्याय योजनाओं से कांग्रेस पार्टी देश की आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त करने जा रही है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि 15 साल से भाजपा के सांसद रहते हुए इस क्षेत्र के समस्याओं और मांगो के लिए कोई प्रयास नही किया है। यहां जो विकास कार्य प्रारंभ हुए हैं वो कांग्रेस सरकार की उपलब्धि है। देश मे राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए ताम्रध्वज साहू को जिताकर दिल्ली भेजना जरूरी है तभी न्याय का नया दौर इस देश में शुरू हो सकेगा, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदु नेगी ने कहा कि मोदी सरकार में जनता त्रस्त हो गई है। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। विष्णुदेव सरकार ने भी जो वादे छग की जनता से किए थे वो पूरे नहीं हो रहे हैं। हम सबको एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी को जिताने का संकल्प लेकर कार्य करना है।

कार्यक्रम का आभार कांग्रेस नेता पूरन मेश्राम ने किया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सुनील मरकाम,कोकड़ी सरपंच सखाराम मरकाम,गरहाडीह सरपंच प्रतिनिधि गणेश नेताम, शोभा सरपंच प्रतिनिधि तिलक मरकाम,कुचेंगा सरपंच प्रतिनिधि दिनाचन्द मरकाम, टीकम कपिल, ब्लॉक महामंत्री गेन्दु यादव, पूर्व सरपंच कुचेंगा दुर्जन राम, नकुल नागेश, दशरथ राम, बुध्धु राम, सुखनाथ नेताम, महेश मरकाम, पुनीत ध्रुव, बुधलाल मरकाम, हरचंद नेताम, डोमार साहू आदि उपस्थित रहे।

